# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय: रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 26 जून, 2015 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 26 जून, 2015 को श्री मोहिन्दर सिंह, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (ले.प.) महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री संगीत, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 2. | श्री अरविन्द कुमार वानी, रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (आईटी) | सदस्य |
| 3. | श्री चन्द्रकांत भटजीवाले, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक (ले.प.) | सदस्य |
| 4. | श्री राम कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (आई.एफ.ए.) | सदस्य |
| 5. | श्री आर. रंगनाथन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी(प्रशा.) | सदस्य |
| 6. | श्री कृष्ण कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट) | सदस्य |
| 7. | श्रीमती बी लक्ष्मी मुरलीकृष्णा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 8. | श्री सुभाष चन्द गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 9. | श्री प्रवीण कुमार वोहरा, लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 10 | श्री बी. चन्द्रा, लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 11 | श्री दिलीप कुमार, सहायक निदेशक(राजभाषा) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित:

1. श्रीमती काकोली दत्ता, कनिष्ठ अनुवादक
2. श्रीमती बीना कुमारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षक
3. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक
4. श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक

**मद सं.:1** **<u>दिनांक 20 मार्च, 2015 को आयोजित बैठक के कार्यवृत की पुष्टि</u>:**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 20 मार्च, 2015 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./26 के अधीन सभी संबंधितों को भेज दिए गए थे। किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए, अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.:2** **<u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई</u> :**

(1) <u>रिपोर्ट-रिटर्न संबंधी प्रपत्र अथवा उनके अग्रेषण पत्र, दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी में जारी करना</u> :

पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि जिन अनुभागों द्वारा सभी प्रकार के दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी/द्विभाषी में अपेक्षाकृत कम जारी किए जा रहे हैं या नहीं जारी किए जा रहे, उन अनुभागों को इस संबंध में पुनः एक पत्र जारी किया जाए।

इसी परिप्रेक्ष्य में रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक(लेप.) की ओर से सभी प्रकार के पत्र, सरकारी आदेश एवं स्वीकृतियों आदि के अग्रेषण पत्र हिंदी/द्विभाषी रूप में जारी करने एवं अवकाश संबंधी समस्त कार्य तथा नेमी प्रकृति के पत्राचार भी हिंदी में करने के संबंध में पत्र जारी किया गया।

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस संबंध में निगरानी (मॉनीटरिंग)रखी जाए कि सभी प्रकार के दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी/द्विभाषी में जारी किए जा रहे हैं।

**(कार्रवाई : सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/र लेखा नियंत्रक/हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग(स्थानीय))**

(2) <u>रक्षा लेखा विभाग में हिंदी भाषा/हिंदी टंकण की स्थिति</u> :

पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को पत्र लिखा गया था कि संगठन में हिंदी भाषा एवं हिंदी टंकण प्रशिक्षण के लिए शेष अधिकारियों/कर्मचारियों को 2015 तक यथा अपेक्षित प्रशिक्षण दिला दिया जाए। इसके अतिरिक्त उनसे यह भी जानकारी मांगी गई थी कि उनके प्रशिक्षण हेतु क्या व्यवस्था की गई है अर्थात उन्हें प्रशिक्षण किस माध्यम से दिलाया जाएगा एवं निर्णय लिया गया कि जिन कार्यालयों से अभी तक सूचना प्रतीक्षित है उन सभी कार्यालयों से सूचनाएं प्राप्त होने पर उनकी समेकन-रिपोर्ट पुनः प्रस्तुत की जाए।

अब तक जो सूचना प्राप्त हुई है उसके अनुसार 24 आशुलिपिकों, 63 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का प्रशिक्षण दिया जाना शेष है। इसके अतिरिक्त कुल 345 अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इनमें से 122 अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

निर्णय लिया गया कि शेष सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के शीघ्र नियमित/पत्राचार पाठ्यक्रम द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाए।

**(कार्रवाई : सभी प्रधान नियंत्रक एवं नियंत्रक कार्यालय/हिंदी कक्ष)**

(3) <u>रक्षा लेखा विभाग की वैबसाइटों का द्विभाषीकरण</u> :

पिछली बैठक में निर्णय लिए गए निर्णयानुसार विभाग के वैबसाइटों को द्विभाषी एवं उनको अद्यतन रखने के संबंध में पत्र लिखा गया था। प्राप्त सूचना के अनुसार अभी दो कार्यालयों यथा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(अफसर), पुणे तथा रक्षा लेखा नियंत्रक, जबलपुर की वैबसाइट अँग्रेजी में है। इन कार्यालयों को पुनः पत्र लिखने का निदेश दिया गया।

इसके अतिरिक्त पिछली बैठक मे लिए गए निर्णयानुसार प्रति सप्ताह महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट के "**<u>लेटेस्ट न्यूज़</u>**" के सभी शीर्षकों का हिंदी अनुवाद कर उसके साथ लिंक स्थापित किया जा रहा है।

**(कार्रवाई : सभी प्रधान नियंत्रक एवं नियंत्रक कार्यालय/ईडीपी कक्ष(स्थानीय)/हिंदी कक्ष)**

(4) <u>यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता दावे संबंधी प्रपत्र द्विभाषी करना</u> :

पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता दावे संबंधी प्रपत्र के अतिरिक्त अन्य प्रपत्रों को भी द्विभाषी रूप में महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिया जाए।

इस परिप्रेक्ष्य में अन्य द्विभाषी प्रपत्रों को रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग(स्थानीय))**

(5) <u>कार्यालय नियम-पुस्तकों का हिंदी अनुवाद</u> :

समिति को सूचित किया गया कि नियमानुसार निम्नलिखित कोड/मैनुअल संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों द्वारा हिंदी अनुवाद हेतु केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो भेज दिए गए हैं।

| क्र.सं. | कोड/मैनुअल | प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालय |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय नियम पुस्तक -VI | प्रधान लेखा नियंत्रक (फै.) कोलकाता |
| 2. | कार्यालय नियम पुस्तक -IX | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (अफ.) पुणे |
| 3 | कार्यालय नियम पुस्तक - IV जि. I से V | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पें.) इलाहाबाद |
| 4. | कार्यालय नियम पुस्तक -III | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.) देहरादून |
| 5. | कार्यालय नियम पुस्तक -II | रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ |
| 6. | सी आई ए मैनुअल | सी आई ए (फै.) कोलकाता |
| 7. | कार्यालय नियम पुस्तक - XVI | रक्षा लेखा नियंत्रक (आई डी एस) नई दिल्ली |
| 8. | कार्यालय नियम पुस्तक - X जि. I से II | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, बैंगलूर |

समिति ने समय-समय पर केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो के साथ संपर्क करके उक्त कोड/मैनुअलों के हिंदी अनुवाद की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते रहने का सुझाव दिया ताकि केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा इस कार्य को यथा शीघ्र निपटवाया जा सके।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:3 <u>दिसम्बर, 2014 तथा मार्च, 2015 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा</u> :**

सदस्य सचिव ने समिति के समक्ष दिसम्बर, 2014 तथा मार्च, 2015 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़े प्रस्तुत किए तथा सूचित किया कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि रक्षा लेखा नियंत्रक(सी एस डी ), मुंबई, रक्षा लेखा नियंत्रक, चेन्नई कार्यालयों के हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई। इस संबंध में संबंधित कार्यालयों को पत्र जारी कर दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय ने मुख्यालय कार्यालय के हिंदी में हो रहे कम पत्राचार पर चिन्ता व्यक्त की और समिति के सभी सदस्यों से अपील की कि हिंदी पत्राचार के प्रतिशत को बढ़ाया जाए ताकि 'क' क्षेत्र के अनुरूप औसत प्रतिशत प्राप्त किया जा सके।

**(कार्रवाई: मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/सभी र.ले.प्र.नि./सभी र.ले.नि./हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4 <u>हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति</u> :**

1. सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया मुख्यालय कार्यालय में 24 आशुलिपिक तथा 14 लिपिक(सीधी भर्ती द्वारा) तैनात हैं जिनमें से 22 आशुलिपिकों तथा 10 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। पिछले सत्र में नामित लिपिक श्री रवि रंजन एवं श्री कालू राम मीणा ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। श्री रवि नंदन, लिपिक ने टाइपिंग परीक्षा 98% एवं श्री कालू राम मीणा लिपिक ने 96% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। लेकिन प्रशासनिक कारणों से दोनों आशुलिपिक इस सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर रहे हैं। शेष 02 आशुलिपिकों को 'हिंदी आशुलिपि' प्रशिक्षण एवं शेष 04 लिपिकों में से 03 लिपिकों को 'हिंदी टाइपिंग' प्रशिक्षण हेतु 03 अगस्त, 2015 से आरम्भ होने वाले अगले सत्र के लिए नामित किया गया है।
2. रक्षा लेखा उप महानियंत्रक(प्रशा) महोदय का सुझाव था कि हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यालय में ही प्रदान किया जाए ताकि श्रम और समय की बचत सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि वित्तीय लाभ प्रदान करने के लिए परीक्षा पास करना अनिवार्य है अतः लिपिकों आदि को हिंदी शिक्षण योजना के पत्राचार पाठ्यक्रम से प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है।

   निर्णय लिया गया कि भविष्य में जहां तक संभव हो लिपिकों आदि को कार्यालय में हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण दिया जाए और परीक्षा पत्राचार माध्यम से उत्तीर्ण की जाए।
3. श्री संगीत, रक्षा लेखा उप महानियंत्रक(प्रशा) ने सूचित किया कि विभाग में कुछ लेखापरीक्षक हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण न कर पाने के कारण वेतनवृद्धि अर्जित करने से वंचित हो रहे हैं। अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध मे वस्तुस्थिति का पता लगाने को कहा गया।

   इस संबंध मे अध्ययन करने पर पाया गया कि लिपिक से लेखापरीक्षक ग्रेड मे पदोन्नोति के लिए टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इसमें हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता नहीं है।

हिंदी शिक्षण योजना संबंधी नियम पुस्तक के अनुसार जिन लिपिकों को अंग्रेजी टाइपिंग अनिवार्य है उन्हें हिंदी टाइपिंग प्रशिक्षण प्राप्त करना भी अनिवार्य है।

**(कार्रवाई: प्रशा.-4/हिंदी अनुभाग/सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि.)**

**मद संख्या: 5** **रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति**

(1) तदर्थ (Adhoc)हिंदी अधिकारियों के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक पद पर प्रत्यावर्तन(Reversion) के उपरांत हिंदी अधिकारी के 24 पद रिक्त हैं।

(2) वरिष्ठ अनुवादक के 21 पद भरे हुए हैं।

(3) कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में कर्मचारी चयन आयोग एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी चयन आयोग से डोजियर प्राप्त हुए हैं। नियुक्ति हेतु डोजियरों को संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को भेज दिया गया है। अब तक 09 कनिष्ठ अनुवादकों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

(4) सदस्य सचिव ने प्रशासन-8 अनुभाग से प्राप्त पत्र के आधार पर समिति को सूचित किया कि हिंदी संवर्ग-समीक्षा का व्यय विभाग से अनुमोदन प्राप्त हो गया है।
समिति का विचार था कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी मॉडल भर्ती नियमों को यथाशीघ्र क्रियान्वित किया जाए ताकि हिंदी अधिकारी के रिक्त पदों को तत्काल भरा जा सके एवं वरिष्ठ अनुवादक के पद पर कनिष्ठ अनुवादकों की पदोन्नति संबंधी कार्रवाई की जा सके।

समिति को सूचित किया गया कि विभाग में हिंदी अधिकारी पदनाम बदलकर सहायक निदेशक(राजभाषा) कर दिया गया है।

संवर्ग समीक्षा के उपरांत हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| पदनाम | प्राधिकृत पद |
|---|---|
| हिंदी अधिकारी | 37 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 35 |
| कनिष्ठ अनुवादक | 70 |
| हिंदी टंकक | 78 |

**(कार्रवाई: प्रशा.-8,प्रशा-11 अनुभाग, (स्थानीय))**

**मद संख्या:6 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण**

1. वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु वर्ष 2015-16 में निम्नलिखित कार्यालयों के राजभाषा निरीक्षण हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है:

| | कार्यालय का नाम | | |
|---|---|---|---|
| 1. | रक्षा लेखा नियंत्रक(आईडीएस), नई दिल्ली | 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, चेन्नई |
| 2. | रक्षा लेखा नियंत्रक, गुवाहाटी | 6. | वित्त एवं लेखा नियंत्रक, एचविएफ, आवडी |
| 3. | रक्षा लेखा नियंत्रक(अनु. एवं वि.), बेंगलूरू | 7. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(नौसेना), मुम्बई |
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक , बेंगलुरू | 8. | रक्षा लेखा नियंत्रक (सीएसडी), मुम्बई |

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु इस तिमाही के दौरान कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक (आई.डी.एस), नई दिल्ली का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया।

2. सभी नियंत्रक कार्यालयों को वर्ष 2015-16 के राजभाषा संबंधी निरीक्षण कार्यक्रम भेजने के निदेश दिए गए थे और अनुरोध किया गया कि इस कार्यक्रम में उन कार्यालयों को निरीक्षण हेतु प्राथमिकता के आधार पर सम्मिलित किया जाए जिनका पिछले 04 वर्षों में निरीक्षण नहीं किया गया है। इस संबंध में सभी कार्यालयों से निरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हो गए है।

निरीक्षण समयोपरि संपन्न कराने हेतु कार्रवाई जारी है।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या:7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | वेतन लेखा कार्यालय(अन्य श्रेणी), मद्रास रेजीमेन्ट केन्द्र, वेलिंगटन | 16.01.2015 |
| 2. | रक्षा लेखा नियंत्रक(वायुसेना), नई दिल्ली | 11.02.2015 |
| 3. | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी(सेना), मऊ | 17.02.2015 |
| 4. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(वा.से.), देहरादून | 21.05.2015 |
| 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(प.क.), चंडीगढ़ | 11.06.2015 |
| 6 | वेतन लेखा कार्यालय(अन्य श्रेणी),जैकलाई, श्रीनगर | 17.06.2015 |

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**मद संख्या : 8 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई कार्यालयों के कम्प्यूटरों में यूनिकोड सक्रिय नहीं है या हिंदी साफ्टवेयर नहीं है। इसी परिप्रेक्ष्य में सामान्य जानकारी की अपेक्षा सदस्य सचिव से पूछा गया कि वे निरीक्षण के दौरान वस्तुनिष्ठ रूप से जानकारी लें कि नियंत्रक कार्यालय मे इस संबंध मे समस्या क्या है ताकि समुचित कार्रवाई हो सके।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष)**

**(दिलीप कुमार)**

**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव**